PRESS RELEASE

हापुड़ पुलिस **दिनांकःनवम्बर 11, 2020**

थाना बाबूगढ़ पुलिस ने 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में 02 दिन पूर्व हुई चोरी की घटना का किया खुलासा, कब्जे से चोरी किये हुए 1,23,000/–रूपये बरामद।

संक्षिप्त विवरणः–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय हापुड के आदेशनुसार चारों के विरूद्ध चलाए गये अभियान के दौरान श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व क्षेत्राधिकारी हापुड नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबूगढ पुलिस द्वारा दिनॉक 09.11.2020 को दिल्ली में अभियुक्त आफताब के किराये का मकान भजनपुरा से समय करीब 11:45 बजे पर अभि0 1–आदिल पुत्र महबूब आलम निवासी ग्राम सोवा वाला थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर (चालक) 2–आफताफ पुत्र मौ0 चांद निवासी उपरोक्त को मय चोरी गये 1,23,000/–रूपये सहित गिरफ्तार किया गया है। दिनॉक 08.11.2020 को वादी मुकदमा श्री अतीक अहमद पुत्र श्री अ0रहमान निवासी मौ0मुमताज हुसैन कस्बा व थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर द्वारा थाना हाजा पर सूचना दी कि दिनॉक 06.11.2020 को अफजलगढ से दिल्ली की यात्रा के दौरान शिवा ढाबा बाबूगढ पर नाश्ता करने के लिए रूकने के दौरान प्रातः 7 बज उनकी गाडी स्विफ्ट डिजायर का शीशा तोडकर खिडकी खोलकर सीट के नीचे रखे 1,40,000/–रूपये चोरी कर लिए गये थे। इस सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 408/2020 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त घटना को थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा चुनौती के रूप में लिया गया तथा 48 घण्टे के अन्दर अनावरण कर उक्त घटना में संलिप्त चोरों को गिरफ्तार कर चोरी किये हुए 1,23,000/– रूपये बरामद किये गये हैं।

❖ **गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः–**

1– आदिल पुत्र महबूब आलम निवासी ग्राम सोवा वाला थाना अफजलगढ़ जनपद बिजनौर।
2– आफताब पुत्र मौ0 चांद निवासी उपरोक्त।

❖ **बरामदगी का विवरणः–**

1– थाना बाबूगढ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 408/20 धारा 379,411 भादवि से सम्बन्धि चोरी किये हुए 1,23,000/– रूपये।

❖ **गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः–**

1– प्रभारी निरीक्षक सोमवीर सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड।
2– उ0नि0 श्री महाराज सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड।
3– आरक्षी 865 सचिन कुमार थाना बाबूगढ जनपद हापुड।
4– आरक्षी 676 अर्जुन सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड।